वर्ष- 3 , अंक- 99
छपरा
7 मार्च शनिवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## शराब घोटोले में बरी हुईं कविता का ऐलान तेलंगाना में बनाएगी नई पार्टी

### कहा- केंद्र सरकार ने एजेंसियों के जरिए हमें विच हंट का शिकार बनाया



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत राष्ट्र समिति की पूर्व सदस्य और के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता तेलंगाना में एक नई पार्टी बनाने जा रही हैं। कविता ने यह एलान तब किया, जब दिल्ली की एक कोर्ट ने उन्हें और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल समेत 23 लोगों को दिल्ली शराब घोटाले के मामले में बरी कर दिया था। बरी होने के बाद कविता तिरुमाला में तिरुपति बालाजी मंदिर गईं। कविता ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भगवान बालाजी के आशीर्वाद से हम जल्द ही तेलंगाना राज्य में एक पॉलिटिकल पार्टी बनाने जा रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक के कविता ने कहा कि पूरे देश ने देखा है कि कैसे हमारे साथ इस तरह का भेदभाव किया गया और कैसे केंद्र सरकार एजेंसियों के जरिए हमें इस तरह की विच हंट का शिकार बनाया जाता है। कविता ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पूरा देश और खासकर इस देश की महिलाएं उनके साथ खड़ी होंगी। उन्हें विश्वास है कि तेलंगाना के लोग उन्हें आशीर्वाद जरुर देंगे। कविता ने बताया कि पार्टी तेलंगाना के लोगों के लिए काम करने वाली एक रीजनल पार्टी होगी।

## केजरीवाल का विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग का अनुरोध खारिज

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा ने विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग की आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल के अनुरोध को खारिज कर दिया है। दिल्ली विधानसभा ने आज पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग के उनके अनुरोध को खारिज कर दिया है। समिति ने 'फांसी घर' से जुड़े मामले में केजरीवाल को समन जारी कर शुक्रवार को 03 बजे तलब किया हुआ है। इसके बाद गुरुवार को केजरीवाल ने एक पत्र लिखकर विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही लाइव स्ट्रीमिंग करने का अनुरोध किया था। अध्यक्ष के निर्देश के मुताबिक विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही गोपनीय होती है और प्रक्रिया के नियम इसकी लाइव स्ट्रीमिंग की इजाजत नहीं देते हैं। इसके अलावा, विशेषाधिकार समिति की बैठक का संसद या दूसरे राज्यों में टेलीकास्ट होने का कोई उदाहरण नहीं है।

## असम में वायुसेना का सुखोई फाइटर जेट क्रैश,दोनों पायलट की मौत




स्क्वाड्रन लीडर अनुज | फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में ट्रेनिंग के दौरान रडार से गायब हुआ भारतीय वायु सेना का सुखोई Su-30MKI फाइटर जेट क्रैश हो गया है। हादसे में दोनों पायलट स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर की भी मौत हो गई है। वायु सेना ने गुरुवार देर रात 1 बजकर 9 मिनट पर क्रैश की पुष्टि की थी। शुक्रवार सुबह 9.14 पर एक और x पोस्ट में दोनों पायलट की मौत की जानकारी दी। सेना के मुताबिक तलाशी अभियान जारी है। जब ये हादसा हुआ तब फाइटर जेट नियमित उड़ान या मिशन पर था। इसी दौरान उसका ग्राउंड कंट्रोल से संपर्क टूटा था। वायु सेना के मुताबिक रडार से संपर्क समाप्त होने के बाद वायु सेना ने तुरंत अलर्ट जारी करते हुए घटना की जांच के लिए IAF टीम को असम रवाना किया। फिलहाल विमान की सटीक स्थिति और संपर्क टूटने की वजह का पता लगाया जा रहा है।

## होलिका दहन के लिए पेड़ के तने को ट्रेन के डिब्बे के बाहर बांधकर ले गए


### छह के खिलाफ मामला दर्ज



**मुंबई,एजेंसी।** होलिका दहन के लिए लकड़ी की व्यवस्था के लिए कुछ लोगों ने एक पेड़ के पूरे तने को लोकल ट्रेन के दरवाजों से बांध दिया। वे ट्रेन के माध्यम से ही इसे पालघर के विरार से मुंबई के माहिम तक ले गए। इस मामले में छह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने वीडियो साझा किया, जिसमें डिब्बे के बाहर पेड़ का लंबा तना बंधा नजर आ रहा है। इससे ट्रेन के दरवाजे अवरुद्ध हो गए थे। यूजर ने रेलवे अधिकारियों को भी टैग किया।

# केमिकल-फ्री और नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा देकर कृषि निर्यात बढ़ाने पर जोर : पीएम मोदी





**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण ऑर्गेनिक और केमिकल-फ्री खाद्य उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है और भारत को इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर कृषि उत्पादों को निर्यात उन्मुख बनाना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने 'कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन' विषय पर आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि आज वैश्विक स्तर पर ऑर्गेनिक डाइट, ऑर्गेनिक फूड और समग्र स्वास्थ्य देखभाल के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। ऐसे में भारत के किसानों के लिए प्राकृतिक खेती और केमिकल-फ्री उत्पाद वैश्विक बाजारों तक पहुंचने का एक 'हाईवे' बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए प्रमाणन, प्रयोगशालाओं और आवश्यक ढांचे के विकास पर विचार कर रही है, लेकिन इस दिशा में सभी संबंधित पक्षों को मिलकर प्रयास करना होगा।

उन्होंने कहा कि केवल एक फसल पर निर्भर रहने से किसानों के लिए जोखिम बढ़ जाता है और आय के विकल्प सीमित हो जाते हैं। इसी कारण सरकार फसल विविधीकरण पर विशेष जोर दे रही है। खाने के तेल और दालों के लिए राष्ट्रीय मिशन तथा प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन जैसे प्रयास कृषि क्षेत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा का एक रणनीतिक स्तंभ है। इसी सोच के साथ सरकार ने पिछले वर्षों में कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत करीब 10 करोड़ किसानों को चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है, जिससे किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिली है।

उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में सुधार के कारण किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना तक लाभ मिल रहा है। संस्थागत ऋण की पहुंच 75 प्रतिशत से अधिक किसानों तक हो चुकी है। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपये के दावों का निपटारा किया गया है। इन पहलों के कारण किसानों का जोखिम कम हुआ है और कृषि क्षेत्र में आत्मविश्वास बढ़ा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत अनाज, दालों और तिलहन का रिकॉर्ड उत्पादन कर रहा है, लेकिन 21वीं सदी के दूसरे चरण में प्रवेश करते हुए कृषि क्षेत्र में नई ऊर्जा भरना आवश्यक है। इस वर्ष के बजट में इसी दिशा में कई नए अवसर प्रदान किए गए हैं, जो उत्पादकता बढ़ाने और कृषि निर्यात को प्रोत्साहित करने में मदद करेंगे।

उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार तेजी से खुल रहे हैं और दुनिया की मांग में बदलाव आ रहा है। ऐसे में भारत को अपनी कृषि को निर्यात उन्मुख बनाने पर ध्यान देना होगा। देश के विविध जलवायु क्षेत्रों और समृद्ध एग्रो-क्लाइमेटिक जोन का लाभ उठाकर विभिन्न प्रकार की फसलों का उत्पादन बढ़ाया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में उच्च मूल्य वाली कृषि पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके तहत नारियल, काजू, कोको और चंदन जैसी फसलों को क्षेत्रीय आधार पर प्रोत्साहित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि दक्षिण भारत के राज्यों, विशेषकर केरल और तमिलनाडु में बड़ी मात्रा में नारियल का उत्पादन होता है, लेकिन कई स्थानों पर पेड़ पुराने हो चुके हैं और उनकी उत्पादकता कम हो गई है। इसलिए बजट में नारियल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि हिमालयी राज्यों में टेम्पर्ड नट फसलों को बढ़ावा देने का भी प्रस्ताव किया गया है। जैसे-जैसे निर्यात उन्मुख उत्पादन बढ़ेगा, वैसे-वैसे प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इसके लिए सरकार, कृषि विशेषज्ञों, उद्योग और किसानों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि उच्च मूल्य वाली कृषि को सामूहिक प्रयासों से बढ़ावा दिया जाए तो भारत का कृषि क्षेत्र वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकता है। इसके लिए गुणवत्ता, ब्रांडिंग और अंतरराष्ट्रीय मानकों को बढ़ावा देना जरूरी है, ताकि भारतीय कृषि उत्पादों की वैश्विक बाजारों में मजबूत पहचान बन सके।

## कर्नाटक में 16 साल के बच्चे नहीं चला सकेंगे व्हाट्सएप-इंस्टाग्राम

### सीएम ने सोशल मीडिया पर बैन का किया एलान



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आज शुक्रवार, 6 मार्च को राज्य में मोबाइल इस्तेमाल के बुरे असर पर को कम करने के लिए एक बड़ा एलान किया है। मुख्यमंत्री ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया एक्सेस पर बैन लगाने की बात कही है।

सीएम सिद्धारमैया ने फाइनेंशियल ईयर 2026-27 के लिए 4.48 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इस बजट में टेक्नोलॉजी से चलने वाली लर्निंग पहलों को रेगुलेटरी उपायों के साथ मिलाकर सुधारों का ऐलान किया गया है, ताकि बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा दी जा सके।

**16 साल के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन** :सीएम सिद्धारमैया ने राज्य में 16 साल के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने की बात कही है। राज्य में जब यह नियम लागू होगा, तब कर्नाटक बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा।

सिद्धारमैया ने कहा, 'बच्चों पर बढ़ते मोबाइल इस्तेमाल के बुरे असर को रोकने के लिए 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल बैन कर दिया जाएगा।


**कर्नाटक में AI-बेस्ट लर्निंग सिस्टम** :सीएम सिद्धारमैया ने स्टूडेंट्स के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-बेस्ड लर्निंग सिस्टम का प्रस्ताव रखा। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार क्लास 8 से 12 तक के स्टूडेंट्स को सपोर्ट करने के लिए इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (IIT) धारवाड़ के साथ मिलकर बनाया गया एक पर्सनलाइज्ड डिजिटल ट्यूटरिंग सिस्टम शुरू करेगी।

इस प्रोग्राम से लगभग 1.22 मिलियन स्टूडेंट्स को फायदा होने की उम्मीद है और इसे 5 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से लागू किया जाएगा।

बेंगलुरु में यूनिवर्सिटी ऑफ विश्वेश्वरैया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को IITs की तरह डेवलपमेंट के लिए 500 करोड़ रुपये दिए जाएंगे, जिसमें से इस साल 100 करोड़ रुपये देने का फैसला लिया गया है।

## बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- कहीं भी नमाज करना धार्मिक अधिकार नहीं

### ● सुरक्षा सबसे पहले ; एयरपोर्ट के पास शेड में नमाज की परमिशन देने से इनकार



**मुंबई,एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास नमाज पढ़ने की परमिशन देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता और किसी भी जगह नमाज पढ़ना धार्मिक अधिकार नहीं माना जा सकता।

जस्टिस बीपी कोलाबावाला और जस्टिस फिरदौस पूनीवाला की बेंच टैक्सी और ऑटो-रिक्शा ड्राइवरों की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें मांग की गई थी कि एयरपोर्ट के पास एक अस्थायी शेड था, जहां वे नमाज पढ़ते थे, जिसे पिछले साल अधिकारियों ने हटा दिया। याचिका में ड्राइवरों ने उसी जगह या आसपास किसी अन्य जगह पर नमाज पढ़ने की परमिशन मांगी थी। कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया।

### सर्वे में नमाज के लिए कोई जगह नहीं मिली

कोर्ट ने पुलिस और एयरपोर्ट अधिकारियों से यह जांच करने को कहा था कि क्या याचिकाकर्ताओं को कोई वैकल्पिक जगह दी जा सकती है। गुरुवार को पेश की गई रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया कि सात जगहों का सर्वे किया गया, लेकिन भीड़, सुरक्षा चिंताओं और एयरपोर्ट डेवलपमेंट प्लान के कारण कोई भी जगह उपयुक्त नहीं पाई गई। रिपोर्ट देखने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि एयरपोर्ट के आसपास नमाज पढ़ने के लिए कोई जगह तय करना संभव नहीं है। कोर्ट ने कहा- धर्म हो या कुछ और सुरक्षा सबसे पहले आती है। इस एयरपोर्ट से हर धर्म के लोग यात्रा करते हैं, इसलिए सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता।

'आक्रमण इसलिए हो रहे हैं क्योंकि हम सोए-बंटे हुए हैं'

# भागवत बोले:भेद और स्वार्थ को तिलांजली दें; संत ने कहा-जैनों को हिंदुओं से अलग न समझें



**जैसलमेर,एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने सद्भावना और एकता की बात करते हुए कटुम्ब मित्र बनाने के लिए कहा। वे बोले इसकी शुरुआत आज से होनी चाहिए। क्योंकि समय बड़ा कठिन है। आक्रमण भी इसलिए चल रहे हैं क्योंकि हम सोए और बंटे हुए हैं।

दरअसल, वे शुक्रवार को जैसलमेर में शुरू हुए चादर महोत्सव में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इससे पूर्व वे ई-रिक्शा में बैठकर सोनार दुर्ग गए। जहां पर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में दर्शन-पूजन कर जिनभद्र सूरी ज्ञान भंडार और दादा गुरुदेव की पावन चादर के दर्शन किए।

इसके बाद वे देदांसर मेला ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय चादर महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा- हम सभी भेद और स्वार्थ को तिलांजली दे और देश के लिए जीने-मरने को उतारूं हो जाए तो हमारा समाज अच्छा बनेगा, कलह और भेद खत्म हो जाएंगे तो भारत विश्वगुरु बनकर एक सुखी-सुंदर दुनिया को जन्म देगा।

वहीं इससे पूर्व जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी महाराज ने सभा में कहा- जैनों को हिंदुओं से अलग समझने का प्रयास कभी मत करना। हम हिंदुस्तान में रहने वालैं और यहां रहने वाले का पहला धर्म हिंदू हैं। जैन धर्म परमात्मा महावीर की शिक्षाओं को आगे बढ़ाने का उपदेश है। कार्यक्रम के दौरान मोहन भागवत दादा गुरुदेव की स्मृति में स्मारक सिक्का और डाक टिकट का लोकार्पण तथा 'दादा गुरुदेव' पुस्तक का विमोचन किया।

### भागवत बोले-झगड़े इसलिए होते हैं क्योंकि हम एकत्व को नहीं पहचानते

कार्यक्रम के दौरान मोहन भागवत ने ट्रेन की एक कहानी सुनाते हुए कहा- सीट को लेकर झगड़ा हुआ। लेकिन, तंबाकू खाने की बात पर दोनों में बातचीत शुरू हुई। दोनों की बातचीत में पता चला कि दोनों भाई थे, जो एक बचपन में गुम हो गया था। इसके बाद दोनों गले मिलकर रोने लगे। वे बोले-ये इसलिए है क्योंकि हम हमारे एकत्व को पहचानते नहीं, इसलिए झगड़े होते हैं। क्योंकि एक नहीं है तो अलग है। अलग है तो अलग-अलग स्वार्थ है। यदि अपने लोग है तो आधी रोटी भी बांटकर खाएंगे। सभी एक-एक टुकड़ा खाएंगे और सभी की भूख ठीक हो जाएगी। यदि अपने लोग नहीं है तो किसी को देगा नहीं। अपना खाकर समाधान नहीं होगा और दूसरे के पास मिठाई है तो वह अपने पास कैसे आ जाए ये भी सोचेगा। एकता का अनुभव करने के लिए जो जीवन है उसे पूर्ण व्यवस्थित करना और फल की इच्छा से मुक्त होकर करना। ये कुछ भी मेरा नहीं, कुछ भी सत्य नहीं है। एक प्रवृति और दूसरा निवृति मार्ग है।

## अमेरिका का रुसी तेल खरीद पर छूट से संबंधित बयान भारतीय संप्रभुता का अपमान: कांग्रेस



**नई दिल्ली,एजेंसी।** अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट के भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने को लेकर 30 दिन की अस्थाई छूट से जुड़े बयान को लेकर कांग्रेस ने इसे देश की संप्रभुता का अपमान बताया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और राष्ट्रीय संप्रभुता गंभीर खतरे में है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्लैकमेल हो रहे हैं। अमेरिका द्वारा भारत को अनुमति देने की भाषा उन देशों के लिए इस्तेमाल होती है जिन पर प्रतिबंध लगे हों, न कि भारत जैसे जिम्मेदार साझेदार के लिए। मोदी सरकार लगातार कूटनीतिक स्पेस छोड़ रही है और भारत को एक 'अमेरिका के अधीन अभाषी देश' बना दिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लिखा कि भारत की विदेश नीति जनता की सामूहिक इच्छा से निकलती है और यह सत्य एवं अहिंसा पर आधारित होनी चाहिए। आज जो हो रहा है वह नीति नहीं बल्कि एक समझौता कर चुके व्यक्ति के शोषण का नतीजा है।

## 'हालात किस तरफ जाएंगे, कहना मुश्किल...' मिडिल ईस्ट में जारी तनाव पर बोले राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। चाहे अमेरिका-इजरायल हो या ईरान कोई भी पीछे हटने का नाम नहीं ले रहा है। मिडिल ईस्ट में जारी तनातनी के बीच भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हालात अभी असामान्य हैं। हालात किस तरफ जाएंगे, अभी ये कहना मुश्किल है। दरअसल, कोलकाता में एक कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिडिल ईस्ट में जारी तनाव पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने आगाह किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) में किसी भी प्रकार की रुकावट वैश्विक अर्थव्यवस्था और तेल-गैस की सप्लाई चेन को ध्वस्त कर सकती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि फारस की खाड़ी में अस्थिरता सीधे तौर पर भारत सहित पूरी दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा को प्रभावित करेगी।

## रायसीना डायलॉग: ईरानी उप-विदेश मंत्री बोले- आखिरी गोली तक लड़ेंगे

### ● ट्रम्प न्यूयॉर्क का मेयर नियुक्त नहीं कर सकते, हमारा लीडर क्या खाक तय करेंगे



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली में चल रहे रायसीना डायलॉग 2026 में शुक्रवार को ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा- तेहरान के पास अमेरिकी-इजराइली हमले के खिलाफ देश की रक्षा के लिए बहादुरी से लड़ने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। हमने कसम खाई है कि देश आखिरी गोली और आखिरी सैनिक तक विरोध करेगा। उन्होंने कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान में नेतृत्व बदलने की बात करते हैं, जबकि वे अपने ही देश में न्यूयॉर्क के मेयर तक नियुक्त नहीं कर सकते। यह एक तरह का औपनिवेशिक नजरिया है। वे अपने देश में लोकतंत्र की बात करते हैं, लेकिन ईरान की लोकतांत्रिक सरकार को गिराना चाहते हैं। न्यूज एजेंसी ANI से चर्चा के दौरान खतीबजादेह ने कहा- ईरान इस समय पूरी तरह से युद्ध की स्थिति से गुजर रहा है। जब हम बात कर रहे हैं, मेरे साथी नागरिकों पर अमेरिका-इजराइल का लगातार हमला हो रहा है। मुझे लगता है कि अभी ईरान के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि वह हमलावर के खिलाफ पूरी तरह से विरोध करे।

**कुर्द ईरान की पहचान का अहम हिस्सा :** अमेरिका के संभावित जमीनी हमले के सवाल पर उन्होंने कहा कि ईरान किसी भी औपनिवेशिक मिशन को रोकने के लिए तैयार है।

## ईरान के शिराज शहर पर हमले में 20 की मौत

### ● ईरान ने इजराइल-अमेरिका का ड्रोन गिराया ; फारस की खाड़ी में 52 फ्रांसीसी जहाज फंसे



**तेल अवीव/तेहरान ,एजेंसी।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज सातवां दिन है। इजराइल और अमेरिका ने आज ईरान के शिराज शहर पर हमला किया। ईरानी मीडिया के मुताबिक इस हमले में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 घायल हो गए।

ईरानी अधिकारियों के मुताबिक यह हमला शहर के जीबाशहर इलाके के रिहायशी क्षेत्र में हुआ, जिसमें कई आम लोग मारे गए। इस हमले में दो मेडिकल कर्मचारियों की भी मौत हो गई।

वहीं ईरानी सेना ने लोरेस्तान इलाके में अमेरिका का MQ-9 ड्रोन और इजराइल का Hermes-900 ड्रोन को मार गिराया है।

जंग की वजह अंतरराष्ट्रीय व्यापार के रास्ते भी प्रभावित हुए हैं। फ्रांस के परिवहन मंत्री ने कहा कि फारस की खाड़ी में 52 फ्रांसीसी जहाज फंसे हुए हैं और 8 जहाज रेड सी में रुके हुए हैं।

### ट्रम्प बोले- ईरान मेरे बिना सुप्रीम लीडर न चुने

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान को उनके बिना नया सुप्रीम लीडर नहीं चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए नेता के चयन में अमेरिका की भूमिका जरूरी है और बिना अमेरिका की भागीदारी के ऐसा करना वक्त की बर्बादी होगी।

एक्सिओस को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि ईरान अगर अमेरिका को शामिल किए बिना नया सुप्रीम लीडर चुनता है तो इसका कोई मतलब नहीं होगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को संभावित उत्तराधिकारी माना जा रहा है, लेकिन वह इसे स्वीकार नहीं करेंगे।

# गाली-गलौज के विवाद में 2 पक्ष भीड़े गोपालगंज में लाठी-डंडों के हमले से पिता-बेटा घायल



**गोपालगंज,एजेंसी।** गोपालगंज जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के कोईनि गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घायलों को तत्काल इलाज के लिए मॉडल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान मांझागढ़ थाना क्षेत्र के कोइनि बाबू टोला गांव निवासी संतोष बैठा (जगन बैठा के बेटे) और जगन बैठा (स्वर्गीय गणेश बैठा के बेटे) के रूप में हुई है। दोनों पिता-पुत्र बताए जा रहे हैं।

**स्थानीय लोगों ने मामला कराया शांत**

बताया जा रहा है कि यह विवाद होली के दिन शुरू हुआ था। पहले दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर गाली-गलौज हुई। इस दौरान हल्की कहासुनी हुई, लेकिन स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत हो गया था। हालांकि, एक बार फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान दोनों ओर से लाठी-डंडे चले। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने इस पूरी घटना को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**लाठी-डंडों से पिता-पुत्र दोनों घायल**

घायल पक्ष का आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला किया, जिसमें पिता और पुत्र दोनों घायल हो गए। घायलों ने यह भी बताया कि आरोपी पिस्टल लेकर पहुंचे थे और उन्होंने फायरिंग भी की। फिलहाल इस घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सोनपुर- यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में उज्ज्वल प्रियांक को ऑल इंडिया रैंक में मिला 10वां स्थान




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के सबलपुर बभनटोली निवासी अनामिका शर्मा के पुत्र उज्ज्वल प्रियांक ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक-10 प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। उनकी इस शानदार सफलता से सोनपुर सहित पूरे वैशाली और बिहार में खुशी की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार अनामिका शर्मा सबलपुर निवासी गोपाल शर्मा की पुत्री हैं और उज्ज्वल प्रियांक उनके नाती हैं। उज्ज्वल का पैतृक आवास वैशाली जिले के दिलावरपुर में है, लेकिन जन्म से ही वे अपने ननिहाल में रहकर ही पढ़ाई करते रहे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा पटना के कंकड़बाग स्थित अपने नाना गोपाल शर्मा के आवास से ही हुई। यहीं रहकर उन्होंने आगे की पढ़ाई पूरी की और यूपीएससी की कठिन परीक्षा की तैयारी भी की।कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर उज्ज्वल प्रियांक ने देश की सबसे कठिन मानी जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा में टॉप-10 में स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे सोनपुर और वैशाली जिले के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उज्ज्वल की सफलता की खबर मिलते ही सबलपुर और सोनपुर आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उज्ज्वल प्रियांक की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उन्हें भी बड़े सपने देखने तथा उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी।

## मशरक के दुरगौली, खजुरी और कवलपुरा में होगा पैक्स चुनाव, नामांकन प्रक्रिया शुरू



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के दुरगौली, खजुरी और कवलपुरा पंचायतों में पैक्स चुनाव की घोषणा के बाद नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई। पहले दिन विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के पहले दिन कवलपुरा पैक्स अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह मुन्ना ने गाजे-बाजे और समर्थकों के साथ प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक भी मौजूद रहेइस संबंध में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि मशरक प्रखंड के दुरगौली, खजुरी और कवलपुरा पंचायतों में पैक्स चुनाव कराया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि नामांकन के पहले दिन दुरगौली पंचायत से एक, खजुरी पंचायत से दो तथा कवलपुरा पंचायत से एक अभ्यर्थी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। बीसीओ ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित की गई है। इसके बाद 9 और 10 मार्च को नामांकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी, जबकि 11 मार्च को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी और उसी दिन अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि यदि आवश्यकता हुई तो 18 मार्च को मतदान कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना कर परिणाम की घोषणा भी कर दी जाएगी। प्रशासन की ओर से चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने की तैयारी की जा रही है।

## बहरौली पंचायत में कचरा भवन व ग्रामीण हाट का बीडीओ ने किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के बहरौली पंचायत में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत में बने कचरा भवन तथा ग्रामीण हाट का जायजा लिया और चल रही सुविधाओं की प्रगति की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने दोनों ही भवनों का अवलोकन करते हुए संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायतों में स्वच्छता और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कचरा भवन और ग्रामीण हाट का निर्माण कराया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी सुविधा मिल रही है। इस मौके पर पंचायत के मुखिया अजीत सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने बीडीओ को पंचायत में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि व अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## बाइक चोरी के विवाद में जमकर मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बनसोही में तिलक समारोह से बाइक चोरी के विवाद में जमकर मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सीएचसी मशरक में हुआ। घायलों में बनसोही गांव निवासी उमाशंकर साह का 31 वर्षीय पुत्र विजय कुमार साह, रामाशंकर साह का 23 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार, रामेश्वर साह का 18 वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार और दुरगौली चकिया गांव निवासी 30 वर्षीय राजन कुमार सिंह, 29 वर्षीय सोनू सिंह, 29 वर्षीय प्रितुञ्जय कुमार सिंह, 33 वर्षीय पवन कुमार सिंह शामिल है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बारे में बताया गया कि दुरगौली चकिया गांव से सुमन सिंह के दरवाजे पर तिलक समारोह से बाइक चोरी हुई उसी में पीछा करने के दौरान रास्ते में विवाद हुआ और जमकर मारपीट हो गई जिसमें सभी घायल हो गए। मामले में थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## पूर्व के विवाद में साथी ने मारी थी गोली, तीन नामजद

**सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के पचौर मराही टोला गांव में गुरुवार की देर संध्या बदमाशों ने राम लाल महतो के पुत्र मनु चौहान उर्फ बिहारी को गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में घायल के फर्द बयान पर तीन नामजद प्राथमिकी हुई है। घायल ने अपने बयान में बताया कि चार मार्च को चार बजे शाम में बब्लू तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, पुरुषोत्तम पांडेय तथा अन्य 30-40 व्यक्ति मेरे दरवाजे पर आकर घर में तोड़फोड़ कर मेरे साथ मारपीट किए । जिसको लेकर पांच मार्च को हमलोग सराय थाना में केस कर दिए। बब्लू तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी व पुरुषोत्तम पांडेय धमकी देने लगे कि केस करोगे तो जान से मार देंगे। जब हमलोगों सराय थाना में केस कर दिए तो पांच मार्च की शाम बब्लू तिवारी पुरुषोत्तम पांडेय व ओमप्रकाश दो बाइक से आए। मैं अपने बथान में शौच के लिए गया था। उसी दौरान तीनों लोग आये और बब्लू तिवारी पिस्टल निकालकर फायर कर दिए। जिससे गोली मेरे दाहिने पैर में लग गई। मैं वहां से सरसो के खेत में छुपकर भागा। इसके बाद मेरे चचेरा भाई बजरंगी आये और अपने बाइक से लेकर सदर अस्पताल आए। इस मामले में सराय थानाध्यक्ष विकास कुमार बिट्टू ने बताया कि पूर्व के विवाद में साथी ने गोली मारकर घायल किया है।घायल ने तीन के खिलाफ नामजद प्राथमिकी कराई है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के शिकारपुर में होली के दिन हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो जाने से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। थाना क्षेत्र के शिकारपुर छपरा निवासी दरोगा राय के पुत्र लगभग 26 वर्षीय सनोज कुमार की गुरुवार की देर रात पटना स्थित पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सनोज कुमार बाहर रहकर काम करता था। होली का त्योहार मनाने वह अपने ससुराल सबलपुर आया हुआ था। होली के दिन ही वह बाइक से अपने माता-पिता से मिलने शिकारपुर छपरा जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना में कुल तीन लोग घायल हुए थे। जिस बाइक से टक्कर हुई, उस पर सवार दोनों युवक वैशाली जिले के बलवा कुमारी गांव के बताए जाते हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।गंभीर हालत में सनोज को बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया था, जहां गुरुवार की देर रात उसने दम तोड़ दिया। शुक्रवार की शाम जब उसका शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार जनों को रो -रो के बुरा हाल है।

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व सदर विधायक अवध बिहारी चौधरी के रिश्तेदारों की पिटाई

**परवेज अख्तर/सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के मटुक छपरा गांव के समीप गुरुवार की देर रात ट्रैक्टर व स्कार्पियो की टक्कर के बाद उग्र भीड़ ने चिकित्सक दंपती और उनके परिवार पर हमला कर दिया। शरारती तत्वों ने ईंट-पत्थरों से दो स्कार्पियो गाड़ियों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इसमें चिकित्सक दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना में घायलों की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर निवासी बैजनाथ प्रसाद के 40 वर्षीय पुत्र डा. राजेश रंजन, उनकी पत्नी श्वेता रंजन व पुत्र हर्षित रंजन के रूप में हुई है। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार डा. राजेश रंजन अपनी पत्नी और बच्चों के साथ होली के मौके पर सिवान आए हुए थे। गुरुवार की रात वह अपनी स्कार्पियो से पटना वापस लौट रहे थे। चिकित्सक स्वयं गाड़ी चला रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी बाइपास पर मटुक छपरा गांव के पास पहुंची, तभी एक ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में गाड़ी को कभी बाएं तो कभी दाएं घुमा रहा था। डा. राजेश रंजन के अनुसार उन्होंने ट्रैक्टर को पास करने की कोशिश की, तभी दोनों वाहनों में हल्की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। डाक्टर ने उसका पीछा कर ट्रैक्टर रोक कर पूछताछ करने की कोशिश की। इसी दौरान मामला अचानक हिंसक हो गया। बताया जाता है कि ट्रैक्टर चालक स्थानीय गांव का रहने वाला था। उसे रोकने और पूछताछ करने पर गांव के लोग उग्र हो गए और देखते ही देखते भीड़ एकत्रित हो गई। इसी बीच शरारती तत्वों ने डाक्टर की स्कार्पियो पर ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिए। सूचना मिलने पर डाक्टर के स्वजन दूसरी स्कार्पियो से बीच-बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन उग्र भीड़ ने दोनों गाड़ियों को निशाना बना लिया। हमलावरों ने दोनों स्कार्पियो के शीशे को क्षतिग्रस्त कर दिया और पथराव किया। किसी तरह जान बचाकर सभी लोग वहां से निकलकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि श्वेता रंजन, बिहार के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सह पूर्व सदर विधायक अवध बिहारी चौधरी की भतीजी हैं।जबकि डा. राजेश रंजन पटना में निजी क्लीनिक का संचालन करते हैं।

## रामकथा को ले आज शहर में निकेगी कलश यात्रा

**सिवान।** शहर में सात मार्च यानी शनिवार की सुबह दस बजे आस्था से परिपूर्ण श्रद्धा का कारवां निकलेगा। वीएम इंटर कालेज के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पूज्य राजन महाराज के श्रीमुख से होने वाली श्रीराम कथा के प्रसंग में नगर में कलश यात्रा निकलेगी। इसमें नगर की मातृ शक्ति के साथ श्रीराम दरबार की सुंदर झांकी, वेद विद्यालय के बटुक, इस्कान की भजन मंडली, मुखौटा कलाकारों की सहभागिता होगी। साथ ही पूज्य राजन महाराज और भरौली मठ के महंत स्वामी रामनारायण दास की भी मांगलिक उपस्थिति होगी। कलश यात्रा में बैंड पारंपरिक भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देंगे। इस संबंध में राम कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष डाक्टर राजन कल्याण सिंह, स्वागताध्यक्ष डाक्टर शरद चौधरी, संयोजक डाक्टर रूपेश कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि नगर में सात मार्च को होने वाली कलश यात्रा और आठ मार्च से होने वाली श्रीराम कथा के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सिवान और आसपास के श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि श्रीराम कथा श्रवण के पुण्यलाभ को प्राप्त करने और आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति के लिए अवश्य पधारें। गुरुवार की रात्रि में श्रीराम कथा आयोजन समिति ने वीएम इंटर कालेज के प्रांगण में एक बैठक कर अब तक की तैयारियों का जायजा लिया और बन रहे भव्य पंडाल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। बताया कि आठ मार्च से होने वाली श्रीराम कथा के संदर्भ में एक कलश यात्रा का आयोजन सात मार्च की सुबह दस बजे किया जाना है। सनातनी परंपरा में कलश का विशेष महत्व होता है। यह कलश पवित्रता, शुभता, सामाजिक एकता का प्रतीक होता है। कलश यात्रा में सहभागिता निभाने वाले विशेष पुण्य के सहभागी होते हैं। यह कलश यात्रा तरवारा मोड़ से सुबह दस बजे प्रारंभ होगी। राजेंद्र पथ, बाबुनिया मोड़, जेपी चौक, मालवीय चौक होते हुए श्रीराम कथा स्थल वी एम इंटर कालेज के प्रांगण में पहुंचेगी। इस कलश यात्रा में मुख्य सहभागिता 251 मातृ शक्ति की होगी जिन्होंने समिति में अपना पंजीयन कराया है और उन्हें साड़ी और कलश श्रीराम कथा आयोजन समिति द्वारा प्रदान किया गया है। वेद विद्यालय के बटुक भी कलश यात्रा में शामिल होंगे। इस यात्रा में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य राजन महाराज और भरौली मठ के महंत स्वामी रामनारायण दास की पावन उपस्थिति भी रहेगी, जो अपने वाहनों पर सवार रहेंगे।

## बिहार के यशस्वी राजवर्धन ने यूपीएससी में 11वां स्थान लाकर जिले को किया गौरवान्वित

### दूसरे प्रयास में हासिल की बड़ी सफलता, मलखाचक गांव में जश्न का माहौल

**धर्मेंद्र रस्तोगी/छपरा।** जब भी देश की आजादी की बात होती हैं तब सारण के मालखचक गांव की जिक्र हो ही जाता है। लेकिन इस बार देश की प्रतिष्ठित यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) के परिणाम को लेकर चर्चा हो रही है। क्योंकि इस गांव लाल ने कमाल कर दिखाया है। बिहार के सारण जिले के दिघवारा प्रखंड अंतर्गत मलखाचक गांव के होनहार युवक यशस्वी राजवर्धन ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में 11वां स्थान प्राप्त कर पूरे राज्य का नाम रोशन कर दिया है। शुक्रवार को परीक्षा परिणाम घोषित होते ही उनके पैतृक गांव मलखाचक में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं गांव के लोगों ने इस सफलता को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए यशस्वी और उनके परिजनों को बधाई दी है। 25 वर्षीय यशस्वी राजवर्धन प्रसिद्ध चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. आरपी सिंह के पौत्र हैं। जबकि इनके पिता रजनीश कुमार सिंह बिहार सरकार के सहकारिता विभाग में निबंधक के पद पर कार्यरत हैं, वहीं माता नीलिमा सिंह गृहिणी हैं। यशस्वी की इस शानदार सफलता से परिवार और पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। परिणाम घोषित होने के बाद उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया और देर रात तक जश्न का माहौल बना रहा।यशस्वी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पटना के दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) से पूरी की है, जहां से उन्होंने दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद नई दिल्ली के मॉडर्न स्कूल से बारहवीं की पढ़ाई पूरी करने के लिए बिहार छोड़ कर चले गए। वहीं उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से कंप्यूटर साइंस में बीटेक की डिग्री हासिल करने के बाद सिविल सेवा में जाने का लक्ष्य तय किया और पूरी लगन के साथ यूपीएससी की तैयारी में जुट गए। परिजनों के अनुसार यशस्वी ने यह सफलता अपने दूसरे प्रयास में हासिल की है। पहले प्रयास में सफलता नहीं मिलने के बावजूद उन्होंने निराश होने के बजाय अपनी तैयारी को और मजबूत किया। योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई करते हुए उन्होंने कड़ी मेहनत जारी रखी और दूसरे ही प्रयास में देशभर में 11वां स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा दिया। यशस्वी की इस उपलब्धि को लेकर पूरे क्षेत्र में गर्व का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी सफलता से गांव के युवाओं को नई प्रेरणा मिलेगी। क्योंकि मलखाचक गांव, जो स्वतंत्रता संग्राम की ऐतिहासिक भूमि के रूप में जाना जाता है, अब शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना रहा है।सोनपुर के विधायक विनय कुमार सिंह ने यशस्वी राजवर्धन को बधाई देते हुए कहा कि यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में इतनी उत्कृष्ट रैंक हासिल करना गांव, जिला और राज्य के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने यह भी कहा कि यशस्वी ने सारण जिले की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है और उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इसके अलावा पूर्व प्राचार्य प्रद्युम्न कुमार सिंह, रामजंगल सिंह कॉलेज दिघवारा के सचिव अशोक कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, प्रो. कन्हैया सिंह, रंगकर्मी महेश स्वर्णकार, प्रो. डॉ. सुरजीत सिंह सोनू, ब्रजकिशोर सिंह और दिलीप सिंह समेत कई प्रबुद्ध लोगों ने भी यशस्वी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यशस्वी राजवर्धन की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उनकी उपलब्धि से न केवल सारण बल्कि पूरे बिहार के युवाओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है।



## रसुलपुर चौक बना जाम का केंद्र, घंटों रेंगते वाहन




**देवेन्द्र कुमार सिंह।** दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।एनएच-531 स्थित रसुलपुर चौक पर हर दिन लगने वाले भीषण जाम से राहगीरों और स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल हो गया है. सुबह से लेकर देर शाम तक यहां वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं, जिससे लोग घंटों फंसे रहने को मजबूर हैं.स्थानीय निवासियों का कहना है कि चौक के आसपास अवैध अतिक्रमण और बिना ट्रैफिक पुलिस की तैनाती के कारण स्थिति और खराब हो गई है. स्कूल बसों, एम्बुलेंस और आम लोगों को यहाँ से गुजरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.

**अतिक्रमण और संकरी सड़कें बनीं बड़ी वजह**

मौके का जायजा लेने पर पता चला कि दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान लगाने (अतिक्रमण) और ई-रिक्शा चालकों के मनमाने तरीके से वाहन खड़े करने के कारण सड़क संकरी हो गई है. एसएच-25 स्थित रसूलपुर से चैनपुर पथ की ओर जाने वाला मार्ग अक्सर जाम की चपेट में रहता है.

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग**

जाम में फंसी एक स्थानीय महिला शिक्षिका ने बताया कि यहाँ से निकलना रोज की जंग बन गया है. अगर प्रशासन समय रहते कोई कदम नहीं उठाता, तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है. लोगों ने जिला प्रशासन और ट्रैफिक विभाग से रसुलपुर चट्टी स्थित राजेन्द्र चौक पर स्थायी ट्रैफिक पुलिस तैनात करने और स्थायी रूप से अतिक्रमण हटाने की मांग की है.

## पाक्सो एक्ट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**सिवान।** जामो बाजार थाना क्षेत्र में पाक्सो एक्ट मामले में एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि पाक्सो एक्ट मामले में एक आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा था। टीम गठित कर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्त खुलासा गांव निवासी जिउत मांझी का पुत्र संदेश मांझी है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर में आवेदन प्राप्त कर समस्याओं का किया गया निपटारा

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले के भगवानपुर हाट, बसंतपुर एवं लकड़ी नबीगंज प्रखंड कार्यालय मे सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न समस्याओं का निदान किया गया। जानकारी के अनुसार भगवानपुर हाट में प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ कुमार विशाल की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पेंशनधारियों की समस्या के निदान हेतु आवेदन लिया गया। शिविर में नाम सुधार, जीवित पेंशनधारियों के विभिन्न समस्याओं, खाता सुधार हेतु आवेदन लिए गए। शिविर में पेंशनधारियों के समस्या सुधार के साथ- साथ सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत अन्य संचालित योजनाओं जैसे कबीर अंत्येष्टि योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना, बिहार शताब्दी कुष्ठ योजना के पात्र लाभुकों से आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर में कुल 40 आवेदन आए। बसंतपुर प्रखंड परिसर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जीवित पेंशनधारियों का पेंशन आना बाधित होना, नाम सुधार, बैंक एकाउंट से संबंधित सुधार समेत कई समस्याओं की सुनवाई कर तत्काल समाधान भी किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार श्रीवास्तव ने शिविर का निरीक्षण करकि बताया कि लाभार्थियों को कोई भी असुविधा न हो इसके लिए सरकार संकल्पित है। शिविर में बसांव, कन्हौली, सूर्यपुरा, शामपुर, बैजू बरहोगा आदि दर्जनों गांव से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्या रखी। शिविर में प्राप्त 23 आवेदनों में से अधिक का निदान कर दिया गया। लकड़ी नबीगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार की मौजूदगी में 19 फरियादियों ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित त्रुटि की सुधार करने हेतु आवेदन सौंपा जिसका त्वरित कार्रवाई करते हुए शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश वीडियो ने प्रखंड कर्मियों पंचायत सचिवों विकास मित्रों को दिया। मौके पर कार्यपालक सहायक पवन कुमार गुप्ता मुकेश कुमार ऑपरेटर राजीव कुमार पांडे आदि कर्मी उपस्थित थे। लकड़ी नबीगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्ण कुमार की मौजूदगी में 19 फरियादियों ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित त्रुटि की सुधार करने हेतु आवेदन सौंपा जिसका त्वरित कार्रवाई करते हुए शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों, पंचायत सचिवों, विकास मित्रों को दिया। इस मौके पर कार्यपालक सहायक पवन कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार, आपरेटर राजीव कुमार पांडेय आदि कर्मी उपस्थित थे।

## दो पक्षों के विवाद में बढ़ा तनाव, पुलिस ने किया नियंत्रित

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के पोझी में आपसी विवाद के बाद बढ़े तनाव में दो पक्ष आमने सामने आ गए। तनाव की सूचना के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और तत्काल मौके पर पहुंच कर स्थिति के नियंत्रण में जुट गई। पुलिस ने दोनों पक्ष से पांच लोगों को हिरासत में लिया और अपनी अग्रेतर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस की सक्रियता और कार्रवाई से तनाव को सलट लिया गया और स्थिति नियंत्रित हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को बाइक से ट्रैक्टर के पीछे पीछे चल रहे कुछ युवकों का धूल उड़ने को लेकर ट्रैक्टर चालक से कहासूनी हो गई थी। विवाद बढ़ने और मारपीट होने से दो पक्ष आमने सामने आ गए और स्थिति तनावपूर्ण बन गई थी। मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष से पांच लोगों को हिरासत में? ले लिया फिर दोनों पक्ष से बातचीत कर विवाद का निपटारा कराया।

## चारपहिया वाहन के धक्के से बाइक सवार वृद्ध की मौत

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** थाना क्षेत्र के छपरा पटना मुख्य सड़क पर दफ्तरपुर पेट्रोल पंप के समीप मारुति कार के धक्के से बाइक सवार 77 वर्षीय वृद्ध की मौत इलाज के दरम्यान हो गई है। घटना गुरुवार की रात्रि की है। जब मेहरौली निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक भरत प्रसाद सिंह अपने शिक्षक पुत्र रिंकू कुमार सिंह के साथ गुरुवार की रात्रि को छपरा जा रहे थे। तभी अनियंत्रित मारुति उनके बाइक उनके बाइक में धक्का मारो दिया। जहां स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं इलाज के दरम्यान आज उनकी मौत हो गई। जहां से पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल से बाइक और मारुति को जब्त कर थाने ले आई। दुर्घटना के बाद मारुति सवार अपनी गाड़ी छोड़ फरार हो गए हैं। समाचार प्रेषण तक अभी कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपती व बच्ची घायल

**एकमा (सारण)।** थाना क्षेत्र में एकमा-छित्रवलिया-नगरा जाने वाली मुख्य सड़क पर हरपुर गांव स्थित पुल के समीप शुक्रवार को एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी व उनकी छह वर्षीय बच्ची घायल हो गई।स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए एकमा के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान बनियापुर थाना क्षेत्र के हरपुर कराह गांव निवासी सरोज शर्मा, उनकी पत्नी निरमा देवी तथा छह वर्षीय पुत्री सृष्टि कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार तीनों मोटरसाइकिल से अपने रिश्तेदार के घर मांझी थाना क्षेत्र के चकिया गांव जा रहे थे। इसी दौरान हरपुर गांव स्थित पुल के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

**विद्यालय से सीलिंग फैन चोरी**

एकमा (सारण)। प्रखंड के हुस्सेपुर पंचायत अंतर्गत जामनी अमनौर गांव स्थित बाबा भंडारीनाथ मंदिर परिसर के समीप नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के कार्यालय कक्ष से अज्ञात चोरों द्वारा सीलिंग फैन चोरी किए जाने का मामला सामने आया है।इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनायक कुमार ने एकमा थाना में आवेदन देकर चोरी की सूचना दी है। आवेदन में बताया गया है कि विद्यालय के कार्यालय कक्ष में लगा एक सीलिंग फैन अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है और दोषियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

**शिव-राम-जानकी मंदिर में अखंड अष्टयाम आयोजित**

एकमा (सारण)। एकमा प्रखंड के बिंदालाल रामपुर पंचायत अंतर्गत रामपुर बाजार स्थित परमेश्वरनाथ शिव मंदिर व राम-जानकी मंदिर परिसर में श्रद्धा ध भक्ति के साथ 24 घंटे का अखंड अष्टयाम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेदाचार्य कृष्णा तिवारी, धनंजय तिवारी व शशिभूषण तिवारी के मंत्रोच्चारण, पूजा-पाठ व हवन के साथ हुआ। इस दौरान गायन मंडली के मुन्ना कुमार और उनके सहयोगियों द्वारा हरे राम-हरे कृष्ण के संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पूजा में पंचायत के पैक्स अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा अपनी धर्मपत्नी मधु कुमारी के साथ बैठे और क्षेत्र में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। अभिषेक मिश्रा ने बताया कि लगभग 10 वर्षों बाद मंदिर परिसर में अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अरविंद मिश्रा, रविकांत गुप्ता, अभिषेक प्रसाद, गुड्डू मिश्रा, रंजय कुमार सहित ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## एकमा में प्रधानाध्यापकों की बैठक, विद्यालयों की समस्याओं पर मंथन

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड व नगर क्षेत्र के प्रारंभिक से लेकर उच्च माध्यमिक विद्यालयों से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर शुक्रवार को एकमा में प्रधानाध्यापकों व प्रधान शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह बीआरसी समन्वयक योगेंद्र बैठा ने की। यह बैठक स्थानीय विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह के निर्देश पर प्रखंड स्तर पर तीन चरणों में अलग-अलग स्थानों व समय पर आयोजित की गई।बैठक की शुरुआत में मौजूद प्रधानाध्यापकों और शिक्षक नेताओं ने विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह का फूल-माला और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस दौरान शिक्षक नेता व प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, अरुण कुमार सिंह, समरेंद्र बहादुर सिंह, कुमार रश्मि रंजन, दीपक कुमार, शैलेश कुमार सिंह सहित अन्य प्रधानाध्यापकों व प्रधान शिक्षकों ने विधायक का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी ने कहा कि विधायक धूमल सिंह तथा राज्य सरकार के प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल हुई हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के परसागढ़ और लहलादपुर में दो डिग्री कॉलेज खोलने की स्वीकृति मिलना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ ही विद्यालयों में शिक्षक, भवन, किताब, कॉपी, स्कूल बैग, ड्रेस और साइकिल जैसी विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। वहीं विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह ने कहा कि क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। विधायक ने बीईओ को एक सप्ताह के भीतर नियमानुसार शिक्षकों के लंबित एरियर भुगतान की प्रक्रिया पूरी कराने का निर्देश भी दिया। बैठक में विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं की स्थिति, छात्र-छात्राओं के नामांकन, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा अन्य प्रशासनिक मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। निर्धारित कार्यक्रम के तहत पहले चरण में उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और प्रभारी प्रधानाध्यापकों की बैठक अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय, एकमा में आयोजित की गई। वहीं दूसरे चरण में एकमा अंचल-1 और अंचल-2 के सभी प्राथमिक, मध्य और माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक तथा प्रधान शिक्षकों की बैठक प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) एकमा में हुई। इस मौके पर बीईओ सह बीआरसी समन्वयक योगेंद्र बैठा ने सभी प्रधानाध्यापकों और प्रधान शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित समय पर विद्यालय में मौजूद रहते हुए सरकार की प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ छात्रों तक पहुंचाएं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करें। बैठक में प्रखंड जदयू अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, विपिन सिंह, मंजीत कुमार तिवारी, अरुण कुमार सिंह, समरेंद्र बहादुर सिंह, कुमार रश्मि रंजन, रंजन कुमार, शैलेश कुमार सिंह, दीपक कुमार, अभिषेक कुमार तिवारी, सुधीर कुमार सिंह, उमेश कुमार साह, राजेंद्र सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक व प्रधान शिक्षक मौजूद रहे।

## बली विशुनपुरा गांव में बकरी को धक्का के विवाद में मारपीट

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बली विशुनपुरा गांव में बाइक सवार के द्वारा बकरी को टक्कर मार दी। जिसमें बकरी चरा रहीं महिला के द्वारा विरोध करने पर मारपीट में मां और दो बेटी घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराई गई। घायल बली विशुनपुरा गांव निवासी 52 वर्षीय रामावती देवी और 22 वर्षीय अंजली कुमारी,20 वर्षीय सगुन कुमारी हैं। घटना का विवाद सड़क किनारे चर रहीं बकरी को बाइक से धक्का लगना बताया गया।

# औरंगाबाद में बाइक की टक्कर से हलवाई की मौत काम के बाद पैदल लौट रहे थे घर



**औरंगाबाद,एजेंसी।** औरंगाबाद में गुरुवार बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। इलाज के लिए उसे ले जाया जा रहा था, रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान ओबरा के कागजी मोल्ला निवासी मनोज मालाकार (50) के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि मनोज पैदल घर लौट लौट रहे थे। इसी दौरान खरांटी पुल के पास हादसा हो गया। घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने मनोज को ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। यहां से वाराणसी रेफर किया गया। परिजन वाराणसी ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में भभुआ के पास उनकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद लाश परिजन को सौंप दी गई है। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के एनएच-139 खरांटी पुल के पास की है।

**दाउदनगर से लौट रहे थे :** बताया जा रहा कि मनोज पेशे से हलवाई का काम करते थे और परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना के समय वे दाउदनगर से अपने घर ओबरा लौट रहे थे। परिवार में पत्नी मीना देवी, एक बेटा आकाश कुमार, 6 बेटियां हैं, जिसमें 3 की शादी हो चुकी है। 3 बेटों की शादी अभी बाकी है। स्थानीय विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र और पूर्व मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद भगत सहित कई लोगों ने परिजनों से मिलकर सांत्वना दी और पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में सहयोग किया। समाजसेवी प्रमोद भगत ने प्रशासन से मांग की है कि मृतक के परिवार को सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता राशि जल्द उपलब्ध कराई जाए। थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मारी है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।



## प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी बहाल के आदेश को सारण पुलिस ने दिखाया ठेंगा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण जिले में पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में आई है। जहां व्यवहार न्यायालय के आदेश की अवहेलना का मामला सामने आया है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र की बताई जा रही है, जहां एक रेस्टोरेंट पिछले करीब दो माह से बंद पड़ा है, जबकि व्यवहार न्यायालय के सीजीएम द्वारा आवश्यक कार्रवाई का आदेश दिए जाने के बावजूद अभी तक ताला नहीं खोला गया है। इस मामले को लेकर पीड़ित व्यवसाई ने सारण पुलिस के वरीय पुलिस अधीक्षक से हस्तक्षेप करने की मांग की है। बताया जाता है कि रेस्टोरेंट संचालक हिमालय राज के द्वारा विगत 17 जनवरी 2026 को मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसका कांड संख्या- 30/26 है। इसके बाद व्यवहार न्यायालय के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ( सीजीएम ) ने मामले के जांच पदाधिकारी ( आईओ ) मुफस्सिल थाने के पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेंद्र पाल को आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश की हार्ड कॉपी 10 फरवरी को संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराई गई थी।लेकिन इसके बावजूद भी जांच पदाधिकारी द्वारा केवल आश्वासन दिया जाता रहा कि आज या कल रेस्टोरेंट का ताला खोल दिया जाएगा, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। रेस्टोरेंट संचालक हिमालय राज के अनुसार, उनका व्यवसाय पूरी तरह बंद हो चुका है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। उनका कहना है कि व्यवसाय के लिए इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और पेटीएम से बिजनेस लोन लिए हुए है, जिसकी किस्तें अब रेस्टोरेंट बंद होने के कारण जमा नहीं हो पा रही हैं। आय का कोई स्रोत नहीं रहने से परिवार के सामने भी आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इस मामले को लेकर मुफस्सिल थाना द्वारा सदर एसडीएम को पत्र लिखकर रेस्टोरेंट खोलने के लिए मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति का अनुरोध किया गया था। इस पर सदर एसडीएम द्वारा 28 फरवरी को मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गई है। इसके बावजूद अभी तक रेस्टोरेंट का ताला नहीं खोला गया है, जिससे मुफस्सिल थाने की पुलिस के कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि इस संबंध में पीड़ित द्वारा स्थानीय प्रशासन से मांग की गई है कि संबंधित थाने को अविलंब निर्देश देकर रेस्टोरेंट का ताला खुलवाया जाए, ताकि न्यायालय के आदेश का पालन हो सके और आम लोगों का कानून व्यवस्था पर विश्वास बना रहे।

## होली के दिन मारपीट व गाली– गलौज का आरोप पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में मारपीट और गाली- गलौज का मामला सामने आया है। जहां पीड़ित राकेश कुमार मिश्रा ने सारण वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के फकुली गांव निवासी राकेश कुमार मिश्रा ने सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि होली के दिन यानी 04 मार्च को करीब 2ः30 और 04 बजे गांव के ही कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार किया है। पीड़ित का कहना है कि वह अपने घर के पास था, तभी सोनू कुमार और मनोज कुमार सिंह सहित कुछ अन्य लोग वहां पहुंचे और गाली- गलौज करने लगे। वहीं विरोध करने पर आरोपितों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आवेदन में राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मारपीट के दौरान आरोपितों ने उन्हें धमकी भी दी कि यदि उन्होंने किसी प्रकार की शिकायत या केस किया तो उन्हें गोली मार दी जाएगी। शोर सुनकर जब आसपास के लोग पहुंचे और बीच- बचाव करने की कोशिश की तो आरोपितों द्वारा उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। घटना के बाद घायल अवस्था में राकेश कुमार मित्र को इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्होंने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। पीड़ित का कहना है कि घटना से संबंधित वीडियो साक्ष्य भी उनके पास उपलब्ध है, जिसे जरूरत पड़ने पर प्रशासन को सौंपा जा सकता है।इस संबंध में पीड़ित ने सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## भरपुरा मार्केट के दो कपड़ा दुकानों में आग लगने से लाखों रूपये का नुकसान

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भरपुरा गांव स्थित भरपुरा मार्केट में अचानक बीते रात कपड़ा के दो दुकान में आग लगने के कारण लाखों रुपए की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई है। इस घटना की जानकारी बीते रात 1ः30 बजे करीब एक युवक ने देखा कि अंकित सिंह के कपड़ा दुकान में अचानक धुआं और आग की लपेट को देखकर वह शोर मचाया की दुकान में आग लगा हुआ है। शोर की आवाज से सो रहे लोग उठे और आग बुझाने लगे. कुछ लोग आसपास के लोगों को जानकारी दी. आग लगने के खबर सुनते ही लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और आग बुझाने में लोग जुट गए. आग इतनी भयावह थी कि अंकित कुमार सिंह की दुकान के सभी कपड़ा व अन्य सामान जल गया।आग इतना भयावह होने के कारण बगल के दूसरा दुकान राजू साह पिता टिपन शाह के कपड़ा दुकान में आग लगने से उसमें भी रख कपड़े जल कर नष्ट हो गए हैं. इस घटना की जानकारी अग्नि शमन विभाग को एवं स्थानीय प्रशासन को दी गई जहां अग्निशामन विभाग के टीम दीपक कुमार ने दो वाहन लेकर अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर व उपस्थित लोगों ने भारी मशक्कत करते हुए आग पर तो काबू पा लिया लेकिन करीब 18 लाख रुपए की संपत्ति जलकर नष्ट हो गया है। अंकित कुमार सिंह ने गुरुबार के सुबह बताया कि करीब उनका 12 से 14 लाख रुपए की संपत्ति जली है वही राजू शाह ने बताया कि उनकी संपत्ति 6 से 8 लाख के करीब कपड़ा व अन्य समान जली है। इस घटना की जानकारी जैसे-जैसे लोगों को मिल रही है घटना स्थल पर लोग पहुंचकर अफसोस जाहिर कर रहे हैं वहीं आग लगने का कारण बिजली के शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही सोनपुर प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुट गई है।

## पूर्व मंत्री पंडित गिरीश तिवारी की 127वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी एवम बिहार सरकार के पूर्व मंत्री पंडित गिरीश तिवारी की 127वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। बरेजा के स्मारक स्थल परिसर में आयोजित समारोह में पहुंचे विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि एक वर्ष के भीतर पंडित जी के नाम पर सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंडित जी ने जो राजनीतिक सुचिता की परिपाटी बहाल की है उसको आत्मसात करके देश की राजनीति को नई दिशा दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से जयंती समारोह को राजकीय सम्मान का दर्जा दिलाने के लिए वे सड़क से विधान मंडल तक संघर्ष करेंगे। इससे पहले अनेक गणमान्य लोगों ने पंडित जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। समारोह का आगाज स्कूली छात्राओं ने स्वागत गान से किया। समारोह की अध्यक्षता बलराम पाण्डेय तथा मंच संचालन मुखिया प्रतिनिधि जेपी पाण्डेय ने किया। मौके पर बरेजा पंचायत के मुखिया राजेश पाण्डेय ने अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। समारोह में पूर्व प्रमुख अनिल पाण्डेय, पूर्व मुखिया कमलेश द्विवेदी, विजय सिंह, देवेन्द्र सिंह, केशव सिंह, उमाशंकर ओझा, विजय शंकर शुक्ल, कामरेड अरुण कुमार, प्रो ओम प्रकाश सिंह एवम निरंजन सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। इधर मांझी प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित पंडित तिवारी की प्रतिमा पर जदयू नेता उमाशंकर ओझा की अध्यक्षता में दर्जनों लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर मौजूद नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू राय ने प्रतिमा स्थल के ऊपर छत के निर्माण की घोषणा की।



## पैक्स चुनाव को लेकर शुक्रवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखंड के मटियार तथा बरेजा पंचायत में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर शुक्रवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति मटियार तथा बरेजा में चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जारी अधिसूचना के अनुसार शुक्रवार को नामांकन की प्रक्रिया की गयी। पहले दिन मटियार पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष धनन्जय ठाकुर एवं कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 11 अभ्यर्थियों ने अपनी नामजदगी के परचे दाखिल किये। बरेजा पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को एक भी नामाकन नही हुआ जबकि कार्यकारणी सदस्य के लिए आठ अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। इधर प्रशासन शांतिपूर्ण चुनाव कराने की तैयारी में जुटा है।आरओ सह बीडीओ उपेंद्र दास ने बताया कि प्रखंड परिसर में बनाये गये काउंटर पर प्रतिनियुक्त एआरओ के समक्ष प्रत्याशियों ने अपना पर्चा दाखिल किया। उन्होंने बताया कि सात मार्च तक नामांकन की तिथि निर्धारित है।

# मंडल रेल प्रबंधक ने वैशाली स्टेशन का किया निरीक्षण

### यात्री सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं स्वच्छता पर दिया विशेष बल



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन द्वारा वैशाली रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण शुक्रवार को किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन के पैनल रूम, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, सर्कुलेटिंग एरिया, बुकिंग काउंटर सहित विभिन्न यात्री सुविधाओं का जायजा लिया।मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध तथा यात्रियों को प्रदान की जा रही सेवाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए सभी व्यवस्थाओं को उच्च स्तर पर बनाए रखा जाए। साथ ही स्टेशन परिसर में स्वच्छता, सुव्यवस्था तथा यात्री सुविधाओं के सतत उन्नयन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया एवं प्रतीक्षालय की व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया तथा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध हो तथा स्टेशन परिसर स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बना रहे। इस अवसर पर मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक को स्टेशन पर संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं एवं कार्यों की जानकारी दी।

## 79 शिकायतकर्ताओं ने सुनाई अपनी समस्या

**– अनियमितता, अतिक्रमण, नल–जल योजना से संबंधित आए थे मामले**

**परवेज अख्तर/सिवान।** सात निश्चय तीन के तहत शुक्रवार को आयोजित सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम में जिला समाहरणालय सभागार में फरियादियों की भीड़ लगी रही। इस दौरान लोगों ने जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय सहित अन्य पदाधिकारियों के समक्ष खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। कुल 79 परिवादियों ने विभिन्न प्रकार की परेशानियां सुनाते हुए उसके निदान की गुहार लगाई। जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए परिवादकर्ता ने भूमि विवाद, आपसी बंटवारा, अतिक्रमण, जमीन विवाद से संबंधित समस्याएं, कल्याण विभाग, बैंकिंग, शस्त्र, आपूर्ति, स्वास्थ्य, नगर पंचायत, पंचायती राज विभाग, विद्युत के वरीय पदाधिकारी के कार्यालय आदि एवं अन्य विभिन्न मामलों से संबंधित समस्याएं पदाधिकारियों के समक्ष रखी। इस दौरान पदाधिकारियों ने सभी फरियादियों के आवेदन पर बारी-बारी से गौर किया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार में आए सभी मामलों को विशेष रूप से ध्यान देते हुए ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया है। निष्पादनों से संबंधित कार्रवाई की अधिकारियों से मांग भी की गई है। अधिकांश शिकायतों को संबंधित अधिकारियों के पास प्रेषित किया गया तो कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को फोन पर सूचित करते हुए यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई की हिदायत दी गई। वहीं जमीन से संबंधित मामलों पर प्राप्त सभी आवेदन के आलोक में जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की अध्यक्षता में अंचल स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए।

## प्राथमिकी होने व चार्जशीट दायर होने पर प्राप्त आवंटन के आलोक में करें भुगतान

**परवेज अख्तर/सिवान।** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय व पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा की संयुक्त अध्यक्षता में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति ( अत्याचार निवारण ) अधिनियम 1989 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति तथा मैनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम 2013 की बैठक हुई। सर्वप्रथम अद्यतन रिपोर्ट पर चर्चा की गई, साथ हीं पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्राथमिकी होने तथा चार्जशीट दायर होने पर विभाग से प्राप्त आवंटन के आलोक में नियमानुसार यथाशीघ्र भुगतान किया जाए। वहीं आरोप पत्र पर लंबित भुगतान के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय से समन्वय स्थापित करने तथा आरोप पत्र प्राप्त कर भुगतान की अग्रेतर कार्रवाई करने को कहा गया। इसके अलावा विशेष लोक अभियोजक को निर्देश दिया गया कि न्यायालय में लंबित मामलों को प्राथमिकता देते हुए सजा से संबंधित अग्रेतर कार्रवाई करना सूनिश्चित करें। साथ हीं गवाह की उपस्थिति हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करना सूनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्ता प्रमोद कुमार, वरीय उप समाहर्ता, सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सुभाष राम, विशेष लोक अभियोजक, एससी/एससी थानाध्यक्ष, नोडल पदाधिकारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## क्यूआर कोड स्कैन कर धोखाधड़ी करने के मामले में एक गिरफ्तार

परवेज अख्तर/सिवान। गुठनी थाना की पुलिस ने एक युवक को क्यूआर कोड स्कैन कर धोखाधड़ी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दरौली थाना क्षेत्र के छोटकी डौड निवासी हिमांशु सिंह है। जिसे पुलिस ने पूछताछ कर जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि पांच मार्च को गुठनी थाना को लिखित आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें पीड़िता द्वारा उल्लेख किया गया कि उसकी दुकान पर एक ग्राहक द्वारा क्यूआर कोड स्कैनर के माध्यम से पैसा भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में प्राप्त लिखित आवेदन के आधार पर गुठनी थाना में धारा-318 (3)/316(2) बीएनएस के अंतर्गत कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया था। अनुसंधान के क्रम में प्राप्त आसूचना के आधार पर प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त हिमांशु सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

## सिवान में नर्स की जगह आम युवक ने मरीज को लगाई सूई

**परवेज अख्तर/सिवान।** सदर अस्पताल का एक वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित हो रहा है। जिसमें एक मरीज को नर्स की जगह आम युवक सुई लगा रहा है। प्रसारित वीडियो में अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती एक घायल युवक को नर्सिंग स्टाफ और डाक्टरों की अनुपस्थिति में एक आम युवक ने तीन इंजेक्शन लगाए। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई है, जिसके बाद अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार जीबी नगर थानाध्यक्ष मिहिर कुमार सड़क दुर्घटना में घायल ओमप्रकाश नामक युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाए थे। उन्हें आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर ने घायल युवक को देखने के बाद केवल दवा का पर्चा लिखा और वहां से चले गए। इसके बाद मरीज के साथ आए स्वजन बाहर से दवा लेकर आए और नर्सिंग स्टाफ से बार-बार इंजेक्शन लगाने का अनुरोध करते रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, घायल युवक के पास खड़े एक आम व्यक्ति ने ही एक-एक करके मरीज को तीन सुई लगा दिए। इस दौरान न तो किसी डाक्टर ने उसे रोका और न ही किसी नर्सिंग स्टाफ ने ऐसा करने से मना किया। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में एक आम व्यक्ति द्वारा मरीज को सुई लगाए जाने का यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

## माघी में कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

**सिवान।** महाराजगंज प्रखंड के माघी गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर में तीन दिवसीय महायज्ञ को लेकर शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में काफी संख्या में युवक-युवतियां, बच्चें समेत अन्य लोग शामिल हुए। कलश यात्रा नवनिर्मित शिव मंदिर परिसर से शुरू हुई। जो विभिन्न गांवों से होते हुए जीन बाबा नदी तट पर पहुंचा। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जलभरी की गई। कलश यात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट के साथ शिव-पार्वती की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। लाल-पीले पारंपरिक परिधानों में करीब 2100 महिलाएं व युवतियां अपने सिर पर कलश लिए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान संपूर्ण वातावरण शिवमय हो गया था। चहुंओर जय शिव-जय शिव के जयघोष से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान होता रहा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि करीब 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित भव्य शिव मंदिर का निर्माण स्थानीय ग्रामीणों व जनसहयोग से किया गया है। वाराणसी से मंगाए गए पांच फीट के शिवलिंग की स्थापना नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में रविवार को वाराणसी के आचार्य कराएंगे। शिवलिंग स्थापना के साथ ही वेदी पूजन, मंडप पूजन, हवन समेत पूजा की अन्य सभी विधियां काशी के आचार्य संपन्न कराएंगे। बताया कि प्रतिदिन विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया है। कलश यात्रा में उमेश सिंह, दिलीप सिंह, विरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, राजेश शर्मा, समेत काफी संख्या में महिलाएं शामिल थीं।

## होली की छुट्टी के कारण शहर के कई पंपों पर पेट्रोल खत्म, अचानक उमड़ी भीड़

**पंप संचालकों ने कहा कल से स्थिति हो जाएगी सामान्य**

**परवेज अख्तर/सिवान।** होली की छुट्टी के बाद शहर में शुक्रवार को अचानक लोगों की भीड़ बढ़ी इससे शहर भी गुलजार हुआ, लेकिन संध्या होते होते अचानक पेट्रोल पंप पर बाइक चालकों की भीड़ बढ़ने लगी, पंप पर पेट्रोल लेने वाले की कतार देख अन्य बाइक चालक भी कतारबद्ध हो गए। कई वाहन चालक शहर के बबुनिया मोड़ से कुछ दूरी पर स्थित दो पेट्रोल पंप पर पहुंचे लेकिन वहां पेट्रोल नहीं होने की जानकारी मिलते ही उनमें ऊहापोह की स्थित उत्पन्न हो गई और वे सभी जहां पेट्रोल की उपलब्धता थी वहां पहुंच कर अपनी वाहन में पेट्रोल भरवाने लगे। इसको लेकर जब जानकारी ली गई तो पाया गया कि होली की छुट्टी के कारण नोजल मैन पंप पर नहीं पहुंचे और स्टाक में मौजूद पेट्रोल पंप से समाप्त हो गया है। वहीं होली की छुट्टी को लेकर कई पेट्रोल पंप बंद रहने या समय से पहले स्टाक खत्म होने से शुक्रवार को अचानक ईंधन की किल्लत हो गई है। पेट्रोल न मिलने के कारण दूर-दराज से आए लोगों को विशेष रूप से दिक्कतें हुईं।जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर बाद शहर के पूर्वी क्षेत्र बबनिया मोड़ पर संचालित पंप पर बाइक तथा चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। वहीं अन्य पंपों पर पेट्रोल की उपलब्धता नहीं रहने के कारण वाहन चालकों को निराश होकर लौटना पड़ा। कई वाहन चालक पेट्रोल की तलाश में भी भटकते रहे। इस संबंध में उमाशंकर सिंह फ्यूल सेंटर के संचालक रंजन सिंह ने बताया कि होली की छुट्टी में टैंकरों के चालक व सह चालक अपने-अपने घरों को चले गए थे। ऐसे में पूर्व में मंगाए गए स्टाक अचानक खत्म हो गए। जिस कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। हालांकि शुक्रवार की देर रात्रि या फिर शनिवार की सुबह तक ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता हो जाएगी।

## आठ में से एक मामले की सुनवाई पूर्ण, सात के लिए अगली तिथि निर्धारित

**परवेज अख्तर/सिवान।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार सह जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय द्वारा कुल आठ मामलों की सुनवाई की गई। इसमें से एक मामले की सुनवाई पूर्ण करते हुए निष्पादित कर दिया गया। वहीं शेष सात मामलों की सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित कर दी गई। डीएम ने बताया कि गुठनी थाना क्षेत्र के बकुलारी की ग्रामीण जनता के मामले की सुनवाई पूर्ण करते हुए निष्पादित किया गया। सात अन्य मामलों यथा सिवान सदर प्रखंड के आनंद नगर निवासी श्यामसुंदर राय, हुसैनगंज अंचल के चांप टोला जीतपट्टी, वार्ड संख्या 11 निवासी देवेंद्रनाथ सिंह, दरौली थाना क्षेत्र निवासी बीर कुंवर सिंह के तीन मामले, मैरवा अंचल के कबीरपुर निवासी ओमप्रकाश सिंह व दारौंदा प्रखंड के हाथोपुर निवासी दीपक राय के मामले की सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई है।

## 25 वारंट एवं तीन कुर्की का किया गया निष्पादन

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 27 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान 27 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 27 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान शराब के कांड में 11, हत्या के प्रयास में दो, पाक्सो एक्ट में एक, एनडीपीएस एक्ट कांड में एक, धोखाधड़ी कांड में तीन, चोरी के कांड में तीन व वारंट में छह गिरफ्तारी की गई। वहीं तीस लीटर देसी शराब व 5.626 लीटर विदेसी शराब जब्त की गई। जबकि 25 वारंट व तीन कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से 17 हजार रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई।

## नगरा बाजार में अनियंत्रित बालू लदी ट्रक घर में घुसी

**दैनिक खोज खबर/नगरा (सारण)।** नगरा थाना क्षेत्र के नगरा पोस्ट ऑफिस के समीप गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया.बालू लदी एक ट्रक का स्टेयरिंग अचानक फेल हो जाने के कारण अनियंत्रित होकर छपरा-मसरख मुख्य मार्ग स्थित नगरा पोस्ट ऑफिस के पास शिवपूजन प्रसाद के घर में जा घुसी.इस घटना में घर के फ्रंट साइड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया.हालांकि उस समय घर के सभी लोग सुरक्षित रहे, जिससे बड़ा हादसा टल गया.घटना की सूचना मिलते ही रात्रि गश्ती पर निकली नगरा थाना की डायल 112 टीम मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया.पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

## सबलपुर रिंग बांध बनाओ संघर्ष समिति के सदस्यों ने की बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** रिंग बांध बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले बोल्डर पिचिंग को लेकर सबलपुर उतरी पंचायत नेवल टोला नया बाजार के दुर्गा मंदिर परिसर में ग्रामीणों की एक बैठक शुक्रवार शाम को की गई। रिंग बांध बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया धर्मेंद्र राय के अध्यक्षता में बैठक हुई. इस बैठक के संचालन मध्यवर्ती पंचायत के मुखिया दिनेश राय ने किया। बैठक में उपस्थित लोगो को अध्यक्ष ने बताया कि कटाव निरोधक कार्य बल्ली टोला से दक्षिण पछियारी टोला सबलपुर तक होना सुनिश्चित हुआ है। इसका निर्माण में 57 करोड़ 55 लख रुपए की स्वीकृति मिली है. जिसमे बांध बांधने के लिए पत्थर से निर्माण कराया जाएगा उसके बाद पिच होगा। इस कार्य के मानक के अनुसार एवं गुणवत्ता पूर्ण कैसे संपन्न हो जिससे आम जनों को पुनः परेशानी का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए आगामी दिनांक 15 मार्च को आम सभा बुलाई गई है। जिसमे सातों पंचायत के लोगों का भारी संख्या में पहुंचने के लिए लोगो को जनकारी देना और उस आम सभा से लोगों के द्वारा चुने गए विश्वास पात्र को निगरानी कमिटी का दायित्व सौंपा जायेगा जो अपने दायित्व को निर्वाह एवं कार्य को गुणवत्ता पूर्ण देख रेख कर सके। सातों पंचायत में सबलपुर पूर्वी,सबलपुर मध्यवर्ती, सबलपुर उतरी, सबलपुर पश्चिमी, नजरमिरा पंचायत, शाहपुर पंचायत, गंगाजल पंचायत के लोग इसमें बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे . आम सभा में ही जनमानस द्वारा निगरानी कमिटी एवं अन्य प्रस्ताव पारित किया जाएगा.कार्य प्राक्कलन के अनुसार मानक एवं गुणवत्ता पूर्ण कैसे संपन्न हो इस पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला परिषद सुनील राय,समाजसेवी लालबाबू पटेल, सरपंच मनोज राय, जग्गू प्रसाद, आमोद गोप, नंद किशोर राय, कन्हैया जी मुकुंद,आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## एहतराम व अकीदत के साथ अदा की गई रमजान के तीसरे जुमे की नमाज

**परवेज अख्तर/सिवान।** रमजान माह में जुमे की नमाज की अहमियत खास होती है। रमजान के जुमे पर सभी मस्जिदों में नमाज को लेकर भीड़ रह रही है। पाक महीने के तीसरे जुमे को अकीदतमंदों ने अकीदत व एहतराम के साथ मस्जिदों में विशेष नमाज अदा कर अमन चैन व खुशहाली की कामना की। इस मौके पर मस्जिद के इमामों द्वारा तीसरे असरे जहन्नुम से आजादी के असरेव शब-ए-कद्र की रात की फजीलतों पर तकरीर दी गई। इस पाक महीने में इबादतों का अधिक सवाब होने के कारण बच्चों में भी इसका उत्साह दिखाई दिया। बच्चों ने भी रोजा रखकर नमाज अदा की।

**इन जगहों पर अदा की गई नमाज**

शहर के बड़ी मस्जिद, दरबार मस्जिद, चौक बाजार ग्यारहवीं मस्जिद, श्रीनगर मस्जिद, नवलपुर मस्जिद समेत टड़वा मस्जिद, जियांय स्थित मस्जिद, सदर प्रखंड मौला नगर मस्जिद, खालिसपुर मस्जिद, बाघड़ा स्थित मस्जिद समेत जिले के सभी गांवों में मौलान की मौजूदगी में मोमिनों ने नमाज अदा की। इस दौरान बच्चे, बूढ़े व जवान नई पोशाक पहनकर खुदा की इबादत में सिर झुकाए खुशहाली की दुआ मांगी। वहीं दूसरी ओर जीरादेई, गुठनी, मैरवा, नौतन, हसनपुरा, बड़हरिया, हुसैनगंज, गोरेयाकोठी, पचरुखी, दारौंदा, बसंतपुर, भगवानपुर हाट, लकड़ी नबीगंज, दरौली, आंदर, रघुनाथपुर, सिसवन, महाराजगंज के शाही जामा मस्जिद, पुरानी बाजार, नखास चौक स्थित नई मस्जिद, आकाशी मोड़ मस्जिद, देवरिया मस्जिद, हजपुरवा, सारंगपुर सहित अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा कर अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी गई।

**अल्लाह ताला की इबादत करने का दिया गया संदेश**

मौला नगर मस्जिद के इमाम मो. अनवर आलम ने रमजान महीने का तीसरा जुमे नमाज अदा करने से पहले मोहजिन ने अजान (नमाजियों को नमाज के लिए निमंत्रण) पढ़ी। इसके बाद मौलवी ने जुमे का खुतबा पढ़ा। इसके बाद सभी ने जुमे की नमाज अदा की। साथ ही सभी को श्रद्धाभाव के साथ अल्लाह ताला की इबादत करने का संदेश दिया। उन्होंने रमजान के तीसरे असरे जहन्नुम से आजादी पर तकरीर करते हुए कहा कि तीसरा असरा बहुत खास असरा होता है। पहला असरा रहमत और बरकत होता है। जबकि, दूसरा असरा मगफिरत का, वहीं तीसरा असरा जहन्नुम से आजादी का होता है। तीसरे असरे में एक रात ऐसी होती है जो हजारों रात से बेहतर होती है। उसे शब ए कद्र की रात कहते हैं। मुस्लिम मजहब में इस रात को हजारों रात से बेहतर माना जाता है। इस रात की इबादत को हजारों रात की इबादत से बेहतर माना जाता है। शबे क़द्र की रात की फजीलत को कुरान और हदीसों में बयान किया गया है।

## गोपालपुर नगर पंचायत के चेयरमैन इमाम जाकिर अंसारी पर जानलेवा हमला

**परवेज अख्तर/सिवान।** जिले के गोपालपुर नगर पंचायत के चेयरमैन इमाम जाकिर अंसारी पर असामाजिक तत्वों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है।घटना में चेयरमैन बाल-बाल बच गए। हमलावरों ने कथित तौर पर ईंट-पत्थर और लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना उस समय हुई जब चेयरमैन इमाम जाकिर अंसारी एक नजदीकी सैलून में बाल कटवाने के बाद अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए कुछ लोगों ने उन पर अचानक हमला बोल दिया। बताया जाता है कि हमलावरों के हाथों में पारंपरिक हथियार भी थे। हालांकि स्थानीय लोगों की मौजूदगी और चेयरमैन की सतर्कता के कारण वे इस हमले में सुरक्षित बच गए।चेयरमैन इमाम जाकिर अंसारी का आरोप है कि यह हमला सरकारी योजना के तहत प्रस्तावित एक सार्वजनिक पार्क के निर्माण कार्य को रोकने के उद्देश्य से कराया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ दबंग तत्व इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं और पहले भी उन्हें धमकियां मिलती रही हैं। घटना के बाद चेयरमैन ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत देकर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जमालहाता गांव निवासी हसमत अली, शहमद अली, साजिद अली और चशमुद्दीन अली को नामजद आरोपित किया है।अपनी तहरीर में चेयरमैन ने यह भी आरोप लगाया है कि नामजद लोग उन्हें लगातार गोली मारने की धमकी देते रहे हैं, जिससे उन्हें किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी हुई है।पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपों की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जीवन के सभी रूप रामायण में हैं समाहित मनीष दास महाराज

**गोरेयाकोठी ( सिवान )।** प्रखंड के बाजितपुर गांव में चल रहे सात दिवसीय महायज्ञ के पहले दिन गुरुवार की रात प्रवचन के दौरान कथावाचक मनीष दास महाराज ने रामायण की महत्ता का बखान किया। उन्होंने कहा कि श्री राम कथा हमें संस्कार सिखाती है कि हमें किस के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए। गोस्वामी तुलसीदास जी राम चरित मानस में लिखे हैं कि प्रातः काल उठे के रघुनाथा-मातु पितु गूरु नावहिं माथा। हम सभी को राम जी के चरित्र को अपने अन्दर उतारना चाहिए। कथावाचक ने आगे कहा कि रामायण हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक ग्रंथ है। यह केवल एक धार्मिक कथा नहीं है, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक भी है। इसमें भगवान राम के आदर्श चरित्र के माध्यम से सत्य, धर्म, त्याग, मर्यादा और कर्तव्य का महत्व बताया गया है। भगवान राम ने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना किया, फिर भी उन्होंने हमेशा धर्म और सत्य का मार्ग अपनाया। रामायण हमें सिखाती है कि माता-पिता का सम्मान करना चाहिए, भाई-भाई के बीच प्रेम और एकता होनी चाहिए और पति-पत्नी के बीच विश्वास और निष्ठा होनी चाहिए। श्रीराम और लक्ष्मण का भाईचारा, भरत का त्याग और माता सीता की पवित्रता हमें आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। हनुमान जी की भगवान राम के प्रति भक्ति और समर्पण हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति, साहस और निस्वार्थ सेवा जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं। रामायण यह भी बताती है कि बुराई चाहे कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में सत्य और अच्छाई की ही जीत होती है। इस प्रकार रामायण हमें नैतिक मूल्य, सदाचार और मानवता की शिक्षा देकर एक अच्छा और आदर्श इंसान बनने की प्रेरणा देती है। रवीन्द्र साह, विनय तिवारी, महंथ साह, रामबालक साह, कमलेश्वर पर्वत आदि उपस्थित थे।